हमने ऐसा तो नहीं कहा वत्स!!

भगवान शिव के तीसरे नेत्र एक रुद्राक्ष प्रकट हुआ।

कुरुक्ष के अंत का समय अभी नहीं आया है, वत्स किन्तु उसने जो कुकृत्य किया है उससे उसने पर अंत को और भयानक बना लिया है। तुम इस रुद्राक्ष को कुरुक्ष के समक्ष ले जाना वह स्वतः ही इसमें कैद हो जायेगा। किन्तु ध्यान रहे इसे ऐसे स्थान से दूर रखना जहाँ दो पुण्य-शक्तियां आपस में टकरा रही हों। पुण्य-शक्तियों के टकराव से निकली ऊर्जा इस रुद्राक्ष पर पड़ने से इस रुद्राक्ष की दिव्यता नष्ट हो जाएगी और कुरुक्ष स्वतन्त्र हो जायेगा। कुरुक्ष को कैद करने के पश्चात इस रुद्राक्ष को विकासनगर के रक्षक भोकाल को दे देना। अब से वही इसकी रक्षा करेगा।
तो तुम भी रक्षक हो ?
हाँ मित्र ! अब आगे की कथा सुनो...


नहीं sssssssss
तिलिस्म देव ने कुरुक्ष को रुद्राक्ष में कैद कर लिया।
किन्तु इससे भी राजकुमारी इंद्रा को शांति नहीं मिली। मिलती भी कैसे ? इतना अत्याचार जो हुआ था उसके साथ। उसके क्रोध की अग्नि इतनी बढ़ गई कि...

...उसने कुरुक्षेत्र को श्राप दे दिया।

बहुत घमंड है तुझे अपनी शक्तियों पर मैं तुझे श्राप देती हूँ कि जो कोई भी तुझे आजाद करेगा तू सदा -सदा के लिए उसका गुलाम बन जायेगा। यदि तूने इंकार किया तो तेरे सर के टुकड़े-टुकड़े हो जायेंगे।

ये क्या किया आपने। एक पीड़ित की आत्मा से निकली बद्दुआ बड़े से बड़े वरदान को भी बेअसर कर सकती है। आपका श्राप सच होगा और इसके लिए कुरुक्षेत्र को इससे आजाद होना पड़ेगा। और जो भी इसे आजाद करेगा वह भी इसी की तरह अधर्मी ही होगा। इसे शैतान को कोई अधर्मी ही आजाद करना चाहेगा और वह इससे अधर्म ही करवाएगा।

फिर भगवान शिव के आदेशानुसार तिलिस्मदेव ने वह रुद्राक्ष हमें दे दिया और कुरुक्षेत्र से लेकर अब तक की सारी जानकारी हमें बताई।

...और रुद्राक्ष की विशेषताएं बताकर तिलिस्मदेव चले गये।

समय बीतता गया।

एक दिन

बड़ूम

कुरुक्षेत्र के भाई अरक्ष ने...

...कुरुक्षेत्र को आजाद कराने के लिए विकासनगर पर आक्रमण कर दिया।

अरक्ष को अपने गुप्तचरों द्वारा यह पता चल गया था कि रुद्राक्ष हमारे पास है।

अरक्ष बहुत शक्तिशाली था। हम दोनों में बहुत देर तक युद्ध चलता रहा।

कि तभी...

न जाने कैसे उस रुद्राक्ष में रोशनी निकलने लगी।

...और द्वार का निर्माण करने लगी।

अरक्ष और मैं उस द्वार में खिंचते चले गये।

किन्तु हमारा युद्ध चलता रहा।

अरक्ष हमारे सम्मुख अधिक समय तक न ठहर सका और हमने उसका वध कर दिया।

...किन्तु अरक्ष के वारों से हम भी बहुत अधिक घायल हो गये थे और हम मूर्छित होने लगे।

हम अपने होश खोते जा रहे थे।

ये द्वार हमें एक नई दुनिया में ले जा रहा था।

और इस तरह...

...वह द्वार वह द्वार हमें आपके समय में ले आया।

समय यात्रा के समाप्त होते ही रुद्राक्ष स्वतः ही हमारे पास आ गया।

थोड़ी सुध आने पर हमें लगा कि अब हम जीवित नहीं बच पाएंगे कि तभी वहां कोई आया...

हमें वो भली स्त्री लगीं। वो रुद्राक्ष हमने उसे दे दिया और उसकी विशेषताएं भी बता दी क्योंकि हमारे प्राण किसी भी समय जा सकते थे। हमें रुद्राक्ष की चिंता थी।

उन्होंने बोला कि वह डाकू को लेकर आएंगी हमारे उपचार के लिए।

हाँ ! शायद यही कहा होगा हमें लगा कि यहाँ वैद्य को डाकू कहते होंगे। अच्छा अब आगे सुनिए।

किन्तु हम गलत थे वह कोई भली स्त्री नहीं बल्कि कोई कपटी थी क्योंकि वह वापिस नही आई। हमारे हाथों से रुद्राक्ष जा चुका था।

हमारे प्राण भी जाने ही वाले थे कि...

...अगर वह ईश्वररूपी मददगार वहां न पहुंचती।

सिया ! यही नाम बताया था उन्होंने अपना।

उनकी सेवा और सद्-भावना से हम शीघ्र ही स्वस्थ हो गये।

सिया जी हमें वैद्य के पास ले गई और हमारा उपचार कराया।

...और जब हमने टीवी नामक यंत्र में आप दोनों को लड़ते हुए देखा तो एक रक्षक का फर्ज निभाने हम भी यहाँ आ गये। अब हम बिना रुद्राक्ष के वापिस भी नहीं जा सकते और यदि रुद्राक्ष मिल भी जाए तो भी हम यह नहीं जानते कि वह कैसे कार्य करता है।

हम्म ! तो वह कपटी स्त्री कोई और नहीं बल्कि मिस किलर ही थी।

यह तुम कैसे कह सकते हो नागराज ?

अभी जो हम इतने बड़े दौर से गुजरे इसे देखकर तुम्हें ऐसा नहीं लगता ?

जरा ठीक से समझाओ।

तुम्हारा और मेरा टकराव करवाना मिस किलर की चाल थी पुण्य-ऊर्जा को रुद्राक्ष में डालने की। उसे शायद आभास था कि किल्विष को रोकने के लिए हममें से कोई एक उभर कर आएगा इसलिए

हम्म ! उस रुद्राक्ष में दो नहीं चार-चार पुण्य-शक्तियों के टकराव की ऊर्जा गई है ; तुम्हारी, मेरी, भोकाल और क्लोन की। आखिर क्लोन भी तो हमारी ही शक्ति का प्रतिरूप था।

इसका मतलब हुआ कि कुरुक्ष आजाद हो चुका है।

अगर ये सत्य है तो इस काल में महाप्रलय का आरम्भ हो चुका है। कुरुक्ष पूरी मानव सभ्यता का नाश कर देगा।


नही ! मैं ऐसा कभी नहीं होने दूंगा।
अपने जीते जी मैं भी उसे कभी विनाश नहीं फैलाने दूंगा।
यह सब हमारे कारण हुआ है। इस लिए इस युद्ध में आप हमें सबसे आगे पाएंगे। इस राक्षस के विरुद्ध हम करते हैं-
ऐलान-ए-जंग।
यहाँ एक जंग का आगाज हो चुका था।

और यहाँ एक जंग की तैयारी चल रही थी।
यह है तमराज किल्विष का ठिकाना जिसे शक्तिमान भी कभी नहीं ढूंढ पाया। बहुत मुश्किलों के बाद मैं इसे ढूंढ पाने में कामयाब हुई। यहीं मिलेगा तुम्हें तमराज किल्विष और उसकी असीमित शक्तियां। परन्तु तुम्हें अकेले ही अन्दर जाना होगा। मैं कोई और नया दुश्मन नहीं बनाना चाहती।
हम्म ! यह शक्तिमान कौन है?
बहुत जल्दी जान जाओगे। अगर वह जिन्दा बचा होगा तो ?

अन्दर प्रवेश करते ही उसे सामने खड़ा मिला तमराज किल्विष।
कौन हो तुम ?
कुरुक्ष नाम है मेरा और मैं एक असुर हूँ। काफ़ी समय से कैद में रहने के कारण मेरी शक्तियां क्षीण हो गई हैं। अपनी शक्तियां पुनः जाग्रत करने के लिए मुझे तुम्हारी शक्तियां चाहिए।
किल्विष को जानते नहीं तुम वर्ना ऐसा दुस्साहस कभी नहीं करते। अब भी समय है लौट जाओ वर्ना अपनी शक्तियों के साथ तुम भी लुप्त हो जाओगे।
लौटने के लिए नहीं आया मैं...
इतना कहते ही कुरुक्ष ने तमराज किल्विष पर वार कर दिया।
...बल्कि अपनी शक्तियां जाग्रत करने आया हूँ।
...किन्तु तमराज किल्विष पर कोई असर नहीं हुआ।
तो तुम ऐसे नहीं मानोगे। अभी तुम्हें तमराज किल्विष की शक्तियों से परिचित करवाता हूँ।

किल्विष सदा ही अंधेरे के लिए लड़ता आया है...
...लेकिन आज पहली बार बुराई के लिए बुराई से लड़ेगा।
HUD!
नादान मत बनो किल्विष। तुम मुझे नहीं मार सकते। रुद्राक्ष में व्याप्त सत्य-ऊर्जा
...के कारण मेरी शक्तियां क्षीण हो गई हैं और मेरी इन असुरी शक्तियों को इस समय केवल तुम्हारी ही शक्तियां जाग्रत कर सकती हैं।
मैं तुम्हें मारना नहीं चाहता परन्तु यदि आवश्यकता पड़ी तो पीछे भी नहीं हटूंगा। मेरी शक्तियां क्षीण होने के पश्चात भी
...तुम्हारी शक्तियां मेरे समक्ष कुछ भी नहीं हैं।
किल्विष की शक्तियों को तुमने अभी देखा ही कहाँ है? देखना चाहते हो किल्विष की शक्तियां

...तो देखो।
वाह ! अद्भुत हैं तुम्हारी शक्तियां। यही तो मैं चाहता था ...
...कि तुम अपनी शक्तियों का प्रदर्शन करो और मैं इन्हें ग्रहण करके अपनी उन शक्तियों को जाग्रत कर सकूँ जो ...
...जिससे मैं सीधे-सीधे तुम्हारी इच्छा के विरुद्ध भी तुम्हारी शक्तियां छीन कर खुद ग्रहण कर सकूँ।
अहा ! अब मेरी समस्त शक्तियां जाग्रत हो रही हैं और तुम शक्तिहीन हो रहे हो।
...और साथ ही अब मैं अपने पूर्ण रूप में वापिस लौट रहा हूँ।

कुरुक्ष ने अपनी ताकत और रूप प्राप्त कर लिया।

देखो किल्विष! कुरुक्ष का वास्तविक रूप। मेरा कार्य पूर्ण हुआ। मेरी तुमसे कोई शत्रुता नहीं। ये कलियुग है। यहाँ पाप अधिक है...

...इसी बढ़ते पाप की बदौलत...

...तुम अपनी शक्ति पुनः प्राप्त कर लोगे।

कुरुक्ष वहां से जा चुका था।

हा हा हा! अब मेरा सपना साकार होगा कुरुक्ष। तुम्हारी शक्तियों की बदौलत मैं इस दुनिया को घुटने टेकने पर मजबूर कर दूंगी और इसकी शुरुआत होगी नागराज के प्यारे शहर 'महानगर' से।

महानगर

जिस पर पड़ चुका था कुरुक्ष नाम के महाराक्षस का साया।

महानगर अब एक महायुद्ध का रणक्षेत्र बनने जा रहा था।

सुनो, महानगर के वासियों ! एक बार मिसकिलर यानि मैंने खुद से वादा किया था इस दुनिया पर राज करने का और वह वक्त अब आ गया है। इसलिए अब मैं पूरी दुनिया से करने आई हूँ जंग और...
मेरी इस जंग का इकलौता सिपाही है कुरुक्ष। कुरुक्ष को कोई मार नहीं सकता क्योंकि वह अमर है। उसकी शक्तियों का नमूना तो तुम लोग महानगर में देख ही रहे हो। भलाई इसी मे है कि मेरी गुलामी स्वीकार कर लो। मैं तुम्हें जीवित छोड़ दूंगी। इस भूल में बिलकुल मत रहना कि तुम्हें नागराज बचाने आएगा...

...क्योंकि नागराज को तो मैंने पहले ही शक्तिमान के हाथों मरवा दिया है। मैं तुम लोगों को 1 घंटे का समय देती हूँ। या तो घुटने टेको या मरो।
...क्योंकि अब शुरू हो चुकी है ऐलान-ए-जंग।

मिसकिलर जो कह रही थी उसे कुरुक्ष पूरा कर रहा था।
महानगर में कयामत आ चुकी थी।
KHOOM
किन्तु मिसकिलर एक बात से अंजान थी...

...कि नागराज न सिर्फ जिन्दा है बल्कि कुरुक्ष से टकराने अपने दो और महाशक्तियों को लेकर आया है।
हमारा अंदाजा सही था नागराज। ये विनाश जरुर कुरुक्ष ने ही किया है। मगर हम उसे कैसे समाप्त करेंगे वह तो अमर है।
हम कोई न कोई उपाय जरुर निकाल लेंगे। उसके हाथों मासूमों को मरने नहीं दे सकते हम।
ईश्वर कभी किसी को अमरता का वर नहीं दे सकते। इसकी मृत्यु का रहस्य अवश्य ही इसके वर में ही होगा किन्तु अभी हमें लोगों को बचाने के साथ-साथ कुरुक्ष को भी रोकना होगा।



नागराज लोगों की जान बचाने में अपनी पूरी शक्ति का इस्तेमाल कर रहा था

और यहाँ कुरूरक्ष से टकराने भोकाल और शक्तिमान आ चुके थे।
रूक जाओ हैवान! बंद करो ये नरसंहार
लगता है तुम्हें मौत का जरा भी भय नहीं तुच्छ मानवों जो कुरूरक्ष के कार्य में हस्तक्षेप करने चले आए।
अगर तुम दोनों मृत्यु ही चाहते हो तो यही सही। करो कुरूरक्ष का सामना।
मौत का भय तो उसी दिन चला गया था जिस दिन हमने मानवता की रक्षा का प्रण लिया था।
और भय क्या होता है यह तुम्हें हम दिखायेंगे।
आहहहह

अभी भी समय है। घुटने टेक दो। शायद मैं तुम्हें जीवित छोड़ दूँ।
अच्छाई सदा ही बुराई के घुटने टिकाती आई है। देर से ही सही पर घुटने तो तुम ही टेकोगे।
आह! तो तुम लोग ऐसे नहीं मानोगे। अब ये ...
...जंग ख़त्म होगी तो केवल तुम दोनों की मृत्यु के साथ।

हमारे नहीं
यह जंग खत्म
होगी तुम्हारे अंत
पर।


अंत तो तुम्हारा
ही तुम्हें यहाँ खींच
लाया है।

तुम्हारा कोई
भी शस्त्र मेरे शरीर
को नहीं भेद सकता
भोकाल और शक्तिमान की शक्तियां कुरुक्षेत्र पर बेअसर साबित हो रही थी।

लेकिन नागराज की शक्तियां यहाँ कारगर साबित हो रही थी

नागराज मौत की कगार से भी लोगों को जीवित ला रहा था।

जहाँ सरकारी सेवाएँ भी नहीं पहुँच पा रही थी वहाँ पहुँच रहा था...

...नागराज।

शीतनाग ने शरीर से निकलकर मेरी परेशानी बढ़ा दी है। अगर वह रहता तो मैं पानी को जमा कर बर्फ बना कर ले आता।

ऐसे गोल-गोल घूम कर चक्कर न खाता।

नागराज ने पानी का बवंडर लाकर...

एक पल में आग को बुझा दिया।

थैंक्स, नागराज! अब तुमने हमारी जान भी बचा दी और नौकरी भी।

ओह्ह्ह! लगता है भोकाल और शक्तिमान पास में ही हैं। मुझे जाना होगा।

हा हा हा ! सत्य कहूँ तो मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे मैं बच्चों के साथ युद्ध -क्रीडा कर रहा हूँ।
जिन्हें तुम बच्चा समझ रहे हो उन्हीं के हाथों तुम्हारा अंत होगा।
अंत ? अंत तो बहुत दूर की बात है। तुम तुच्छ मनुष्य मुझे खरोंच तक नहीं पहुँचा पा रहे हो।
बहुत घमंड है न तुझे अपनी शक्तियों पर। इसे घमंड को चूर होने में अधिक समय नहीं लगता। तू अपने मुंह से अग्नि छोड़ता है न...
...तो अब सामना करो मेरे पंचतत्वों में से एक यानि मेरे अग्नि रूप से।
ये तुमने बहुत बड़ी गलती कर दी। किसी भी प्रकार की अग्नि को ग्रहण करने की शक्ति है मुझमें...

...फिर चाहे वो पुण्य -अग्नि हो या सात्विक -अग्नि।

कुरुक्षेत्र शक्तिमान को उसके अग्नि रूप सहित निगलने ही वाला था किन्तु...

नागराज ने यह होने नहीं दिया।

शक्तिमान को निगल जाए इतनी शक्ति नहीं है तुझमें। और हमारे होते तो बिलकुल नहीं।

तुम्हारी कल्पना से अधिक शक्ति है मुझमें। इसे निगल ही जाता यदि तुम बीच में न आते नागमानव।

आह्ह्हह
FWOOSH

शक्तिमान अब संभल चुका था।

कुरुक्ष और त्रिशक्तियां आमने-सामने आ चुकीं थी।
लेकिन तीनों में से किसी को भी यह ज्ञान नहीं था कि कुरुक्ष का अंत कैसे होगा ?

और यह सोचने का अवसर भी कुरुक्ष कहाँ दे रहा था।

अपने इष्टदेव का स्मरण कर लो क्योंकि अब तुम्हें मृत्यु से कोई नहीं बचा सकता।
हमें मृत्यु का भय मत दिखा दुष्ट राक्षस।
हम तो सदा मृत्यु को अपनी हथेली पर लेकर घूमते हैं।
हमारी मृत्यु जब होगी तब होगी पर तुम्हारा नर्कवास तो हम करवा कर जायेंगे।
तीनों के सम्मिलित वार से चीख उठा कुरुक्ष।
आहहहहह

लगा ली तुम लोगों ने अपनी सम्पूर्ण शक्ति। लेकिन मुझे कोई हानि नहीं पहुँचा पाए...
...किन्तु मेरी शक्तियां तुम्हें जरूर हानि पहुंचाएंगी।
...क्योंकि कुरुक्ष साक्षात मृत्य है। अजेय है कुरुक्ष।
तुम सबका काल है कुरुक्ष।

कुछ तो करना पड़ेगा शक्तिमान जी। अन्यथा यह राक्षस सम्पूर्ण पृथ्वी का सर्वनाश कर देगा।

हम आखिर करें भी तो क्या ? वरदान के अनुसार इसका वध सिर्फ त्रिशक्ति कर सकती है और दूसरे वरदान

के अनुसार त्रिशक्ति कभी एक नहीं हो सकती।

ऐसा नहीं हो सकता। ब्रह्मदेव के वरदान में ही इसकी मृत्यु का रहस्य अवश्य होगा।

एक क्षण रुकिए। कुरुरक्ष ने वरदान माँगा था कि इस दुनिया में त्रिशक्ति कभी एक न हों, परन्तु यह तो वह दुनिया है ही नहीं। यह तो भविष्य की दुनिया है अर्थात त्रिशक्ति एक हो सकती है।

किन्तु कैसे होंगी त्रिशक्तियां एक ?

यह आप हमसे पूछ रहे हैं। जबकि इसका उत्तर आपके ही पास है। आप ही ने कहा था कि आप अपनी योग शक्ति के माध्यम से किसी की भी शक्तियां कुछ समय के लिए किसी को दे अथवा ले सकते हैं।

हाँ, कहा था। किन्तु मैं नागराज को अपनी शक्तियां दे तो सकता हूँ परन्तु उसकी शक्तियां ले नहीं सकता। उसका दैवीय विष जो हलाहल का अंश है, मेरे शरीर को गला देगा और

तुम्हारी शक्तियां मैं नागराज को दे पाऊंगा इसमें मुझे संदेह है।

आप कोशिश करें मित्र ! जगत के कल्याण के लिए किये गये कार्य में ईश्वर स्वयं सहायता करते हैं। हमें विश्वास है आप अवश्य सफल होंगे। मैं अपनी शक्तियां देने के लिए तैयार हूँ।

तो ठीक है मित्र ! मैं कोशिश करता हूँ।


शक्तिमान योग मुद्रा में आ गया।
और फिर शक्तिमान ने अपना कार्य प्रारंभ किया।
ओम
जिसके फलस्वरूप आसमान में...

...एक दिव्य रोशनी प्रकट हुई जो...

...भोकाल में समाहित होकर उसकी...

...शक्तियां लेकर जाने लगी...

...अपने लक्ष्य की ओर।
कुरुक्षेत्र पहले तुम्हें समाप्त करेगा फिर इन दोनों को

और वो मंजिल थी...
नागराज
ये भोकाल की शक्ति है नागराज जिसे मैंने योग साधना द्वारा तुम्हारे अन्दर स्थान्तरित किया है।
ओफ्फ ! मुझे अपने शरीर में भीषण शक्ति का आभास हो रहा है। बहुत अद्भुत शक्ति है ये।
अब मेरी शक्तियां भी ग्रहण करने के लिए तैयार रहो नागराज।
अब मैं अपने अब मैं अपने पंच तत्वों की शक्तिया मेरे इस अग्नि चक्र में समाहित करके तुम्हें दे रहा हूँ नागराज।
...नागराज की ओर जाने लगा।
शक्तिमान का अग्निचक्र उसके शरीर से अलग होकर
आह ! मैं इस शक्ति को सहन नहीं कर पा रहा हूँ। ऐसा लग रहा है जैसे मेरा शरीर अभी फट जायेगा।
संयम से काम लो नागराज। तुम ये कर सकते हो। तुम्हारा शरीर कोई मामूली शरीर नहीं है। हजारों सर्पों का वास है तुममें। तुम हम दोनों की शक्तियों को न सिर्फ
ग्रहण कर सकते हो..बल्कि इनका प्रयोग भी अच्छे से कर पाओगे।
अग्नि चक्र अब नागराज के शरीर का हिस्सा बन गया था।

बस अपना ध्यान केन्द्रित करो। लेकिन याद रहे ये शक्तियां तुम्हारे पास कुछ ही समय के लिए रहेंगी। इतने समय में ही...

...तुम्हें कुरुक्षेत्र का अंत करना है।

मुझे योग साधना में ही रहना होगा। अगर मेरी योग साधना टूट गई तो मेरी और भोकाल की शक्तियां तुम्हारे शरीर से लुप्त हो जाएँगी। इसलिए मेरी

योग साधना न टूटे तुम्हें इसका भी ख्याल रखना होगा।

इसका इंतजाम मैं अभी किए देता हूँ।

हम्फ़! अब मैं खुद को संतुलित महसूस कर रहा हूँ।

नागराज शक्तिमान की शक्तियों को ग्रहण कर चुका था।

अब महागुरु भोकाल का नाम पुकारो नागराज और उनकी शक्तियां धारण करो।

बिना भोकाल शक्ति के

...भोकाल भी अपने छद्म रूप में लौट चुका था।

भोकाल शब्द पुकारते ही नागराज के पास भोकाल की भी समस्त शक्तियां आ गई।
और बन गया वह...
त्रिशक्ति धारक...
कुरुक्षेत्र का काल।

अपने काल रूपी त्रिशक्ति धारक नागराज को देखकर सहम गया कुरुक्षेत्र।
असंभव ! ऐसा कैसे हो सकता है ? त्रिशक्तियां एक कैसे हो सकती हैं ?
क्योंकि ये वो दुनिया नहीं है जिस दुनिया में तुमने त्रिशक्ति एक न होने का वर माँगा था।
इसलिए यह संभव हो चुका है और इसी के साथ संभव हो चुकी है तेरी मौत।

त्रिशक्तियाँ धारण करके तुम अमर नहीं हो गये। मेरे समक्ष तो देवता भी आने का साहस नहीं करते तो तुम्हारी बिसात ही क्या है तुच्छ मानव।
मानवों को तुच्छ समझने की भूल तो रावण को भी बहुत भारी पड़ी थी।
आह
मैं रावण नहीं हूँ। राक्षसों में सबसे क्रूर कुरूरक्ष हूँ मैं।
जितनी क्रूरता तुमने यहाँ दिखाई है न उतनी ही क्रूरता से मैं तेरा वध करूँगा।
हा हा हा! यह सब तुम इस सुर्याशी के कारण बोल रहे हो न जिसने तुम्हें यह शक्तियां दी हैं...

...अभी मैं इसकी योग साधना भंग किये देता हूँ।
सौडांगी के इस तंत्र-कवच को तेरी असुरी शक्तियां भी नहीं भेद पाएंगी दुष्ट राक्षस।
मुझे आने में देर तो नहीं हुई न नागराज।

तुम बिलकुल सही समय पर आई हो सौडांगी।
तुम लोगों के इस दुस्साहस का दण्ड अब समस्त मानवजाति भोगेगी। इस संसार से मानवों का सम्पूर्ण अस्तित्व मिटा दूंगा मैं। अब तुम लोगों ने मुझे विवश कर दिया है मेरा विकराल रूप धारण करने पर।


कुरुक्षेत्र का यह रूप बहुत भयावह था।
मानो पाताललोक का कोई हैवान आ गया हो वहाँ।
नर्क जैसा माहौल हो गया था वहाँ।

तुझे मारकर तेरी आत्मा को सदा के लिए अपना गुलाम बनाऊंगा मैं।

जो खुद किसी का गुलाम हो वह किसी को गुलाम क्या खाक बनाएगा।
नागराज के इस कथन से चिढ़ गया कुरूरक्ष।

गुलाम ! तुमने मुझे गुलाम बोला। तुम्हारी इस धृष्टता का तुझे मैं वह दण्ड दूंगा कि ईश्वर भी कांप उठेगा फिर से मानवजाति का निर्माण करने से पहले।

तेरे साथ ही तेरे नगरवासी भी मेरी क्रोधाग्नि में जलकर भस्म हो जायेंगे।
इसको जल्दी ही खत्म करना होगा अन्यथा यह पूरे शहर को शमशान में बदल देगा।

...क्योंकि तेरा अंत समय अब आ गया है।
अपने पापों की गिनती शुरू कर दे कुरूरक्ष ...
शक्तिमान की शक्तियां तो कमाल की हैं।
आ..हा..हा..हा..हा
अब भोकाल की तलवार से ही इसका अंत होगा।
ग..ड..ग..ड
ये वही हाथ है न कुरूरक्ष जो एक स्त्री की पवित्रता भंग करने के लिए बढ़े थे।
ज्वालामुखी सा फूट पड़ा भोकाल की तलवार में से।

नागराज ने तलवार कुरुक्ष की तरफ फेंक दी...

और तलवार के साथ कई सर्प छोड़े...।

भोकाल की तलवार आज ब्रह्मास्त्र से कम नहीं लग रही थी जो कुरुक्ष की तरफ बहुत तेजी से बढ़ रही थी।



...और एक ही झटके में कुरुक्ष का हाथ उसके शरीर से जुदा हो गया।

दर्द और भय के मारे कराह उठा कुरुक्ष।

और भय कैसे न हो जब सामने अपनी मौत नजर आ रही हो।

...नागराज के रूप में।
नागरस्सियों के द्वारा तलवार स्वतः ही नागराज के पास आ गई।

तेरा अंत देखकर आज दुनिया के हर शैतान की रूह कांप उठेगी।

तलवार के साथ नागराज ने नागसैनिकों की एक पूरी फौज छोड़ दी।
...जो तलवार से लिपट गई।

तलवार कुरूक्ष की गर्दन को छूते हुए निकल गई।

तभी तलवार के दूसरे सिरे को भी नागरस्सी ने जकड़ लिया

यह वही मस्तक है न जो एक स्त्री को अपमानित करके गर्वित हुआ था।
मौत के भय से जड़वत कुरूरक्ष केवल अपनी मौत का तमाशा ही देखता रह गया।
खच्च
आहं..ह..ह..ह.ह
इस मस्तक को तेरे धड़ से अलग कर देगा नागराज।
...और उसके मस्तक को धड़ से अलग कर दिया नागराज ने।

इसी के साथ कुरूरक्ष की इहलीला समाप्त हो गई ...
और उसका सर कटकर सौडांगी के क़दमों में गिर गया।
धाड़ाक
देख कुरूरक्ष कुदरत का न्याय। एक स्त्री के साथ तूने अन्याय किया और आज तेरा सर एक स्त्री के ही क़दमों में पड़ा है।
एक दुष्ट को उसकी दुष्टता का दण्ड मिल चुका था।

त्रिशक्ति पुनः अपने-अपने स्वामी के पास लौट गई थी।
देर से ही सही पर ऐसे शैतानों का अंत तो निश्चित ही होता है।
मृत्यु के बाद अब इसकी आत्मा नर्क में यातनाएं सहेगी।
हम्म ! अब इसे षड्यंत्र के मास्टरमाइंड को भी दण्ड देने का समय आ गया है।

ये रही इस पूरी फिल्म की मेन विलेन। एक बिल्डिंग की छत से छुपकर सारा नजारा देख रही थी। नागराज के जासूस सर्पो की मदद से मैंने इसे पकड़ लिया।

अगर तुम स्त्री न होती तो मैं तुम्हें वह दण्ड देता कि अगले जन्म में भी तुम शक्तिमान के नाम से ही कांप जाती। फिलहाल तुम्हारा दण्ड इस शहर का रक्षक ही तय करेगा।

नागराज ने वह रुद्राक्ष मिस किलर से लेकर अपने पास रख लिया।
अब यह ध्रुव और धनंजय की बनाई मैक्सिमम सिक्योरिटी जेल में सड़ेगी जहाँ इसके जैसे और भी नमूने मौजूद हैं।
हाँ इसके लिए वही जगह सुरक्षित रहेगी।
अब किसी तरह हमें भी अपने समय में भेजने का प्रबंध करें मित्रों।
अब तुम इसका क्या करोगे नागराज।

जरूर मित्र भोकाल। तुम यहाँ इस रुद्राक्ष के जरिये आये हो और इसी के जरिये जाओगे पर कैसे, इसके लिए हमें इसकी वैज्ञानिक यानि
हमारी तरफ से आपको अनुमति है मित्र। हमें आप दोनों पर पूर्ण विश्वास है। तब तक हम सिया जी के साथ विश्वभ्रमण करेंगे। उनकी यह इच्छा थी।
किसी अनुसंधानकर्ता से जाँच करानी होगी अगर तुम अनुमति दो तो।
जांच के लिए हमें दिल्ली जाना होगा प्रोबॉट के पास।
नागद्वीप
जहाँ दोनों ने महात्मा कालदूत को इस घटना की पूरी जानकारी दी।
मैं आपसे और पूरे नागद्वीपवासियों से क्षमा मांगता हूँ। जो भी हुआ वह मेरी अज्ञानता के कारण हुआ। कृपया मुझे क्षमा करें।
हम जानते हैं शक्तिमान यह एक षड्यंत्र था, जिसमें हम सब फंसते चले गये। इसमें तुम्हारी कोई गलती नहीं। और इस रुद्राक्ष के बारे में हम सिर्फ इतना ही बता सकते हैं कि यह रुद्राक्ष एक प्रकार की ...
...कुंजी है जो दो विपरीत शक्तियों की ऊर्जा से आयामों को खोल सकता है या एक समय...
...द्वार का निर्माण भी कर सकता है। पर इसके लिए कितनी ऊर्जा चाहिए यह मैं अभी अनुमान नहीं लगा पा रहा हूँ।
तुम दोनों को एक बार इसकी वैज्ञानिक जांच करानी चाहिए।
हमने इसकी वैज्ञानिक जांच कराई थी जिससे हमें पता चला कि...

यहाँ आने से पहले हम इसे दिल्ली ले गये थे प्रोबोट के पास जिससे हमें पता चला कि...

अभी तक कि जांच से मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि ये रुद्राक्ष एक प्रकार कि KEY है एक आयाम से दूसरे आयाम में आने-जाने के लिए। इससे समय धारा को काबू किया जा सकता है तथा एक आयाम से दूसरे आयाम में जाया जा सकता है चाहे वह कितनी ही दूर हो । आसान शब्दों में कहूँ तो यह एक शॉर्टकट CREATE कर सकता है। शायद इसी शॉर्टकट में फंसकर भोकाल यहाँ आ पहुंचा। इसमें से निकलती ऊर्जा...

ANALYSIS

...की जाँच से पता चला है कि यह पैरानॉर्मल ऊर्जा है जो विज्ञान की समझ से बाहर है। पर इतना अनुमान में लगा सकता हूँ कि यह सत्य ऊर्जा से चार्ज होता है। अब ऊर्जा की मात्रा कितनी होनी चाहिए और यह ऊर्जा को कैसे ग्रहण करता है यह फिलहाल मैं नहीं बता सकता। क्यों न तुम इसे किसी महापुरुष को दिखा लो।

फिर हमने इसे आपको दिखाने का फैसला किया।

हम्म ! रुद्राक्ष महादेव का है इसलिए इसके बारे में पता करना सरल न होगा। हमें घोर आराधना करनी होगी। इसके लिए तुम्हें यह रुद्राक्ष यहीं छोड़ना होगा।

जैसी आपकी इच्छा महात्मन !

पर इससे पूर्व कि आप साधना में लीन हों मेरी एक जिज्ञासा शांत करें महात्मन। कुरुक्षेत्र हमारी सत्य-ऊर्जा से स्वतन्त्र हुआ यानि हमारी आत्मा एक पुण्यात्मा है। फिर किल्विष की पाप-शक्ति का असर हम पर हुआ परन्तु भोकाल पर नहीं, ऐसा क्यों ?

इसका उत्तर तो तुम्हें शक्तिमान ही दे देता। पर तुमने मुझसे पूछा है तो मैं ही बता देता हूँ।

इसका उत्तर है-क्रोध। तुम दोनों में बदले और द्वेष की भावना से जो क्रोध उत्पन्न हुआ था उसी के कारण ही किल्विष की पाप-शक्ति तुम दोनों पर अपना प्रभाव दिखाने में सफल हो गई। जबकि भोकाल में न क्रोध था न बदले की भावना। आखिर क्रोध भी तो अंधेरे का ही एक रूप है किन्तु काली शक्तियां तुम्हारी पुण्य आत्मा को भी छू न सकी यह एक बहुत बड़ी बात है। तुम्हारी पुण्यात्मा बहुत शक्तिशाली है।

इतना कहकर महात्मा कालदूत साधना के लिए गुफा की ओर चल चल दिए।



समाप्त। हाँ यह कहानी तो समाप्त हो गई, लेकिन मेरा मानना है कि जहाँ से एक कहानी खत्म होती है, वहीं से एक नई कहानी की शुरूआत होती है। इसलिए मैं इसे समाप्त नहीं कहूँगा। मैं इसे कहूँगा... **आरम्भ एक कयामत का**

JUNOON NEVER DIE

COMICS FAN CORNER-4

मित्रों ! जैसा कि आप जानते ही हैं हमने यह पेज कॉमिक्स फैन्स के अमूल्य रिव्यु के लिए रखा है जिसमें हम हर सीरीज के पूर्व अंक का फैन्स रिव्यु देते हैं। तो मित्रों पेश है हमारे ऐलान-ए-जंग सीरीज के प्रथम अंक ऐलान का फैन्स रिव्युज।

Anonymous 30 March 2017 at 21:57

सबसे पहले हुकम महेन्द्रा भाई और बलबिन्दर भाई को बधाई। fmc की एक और नई उपलब्धि के लिए आप दोनों बधाई के पात्र हैं। कहानी मुझे बहुत पसंद आई और एडिटिंग भी काफी मस्त लगी। हालाँकि एडिटिंग थोड़ी और बेहतर हो सकती थी। पर फिर भी कॉमिक्स किसी भी मायने में कम नहीं है। हाँ डाइलॉग थोड़े और बेहतर होने चाहिए। यह मेरा पर्सनल सलाह है। मेरी रेटिंग 4/5। आगामी कॉमिक्स का बेसब्री से इंतजार।

Reply Delete

Rakesh Kharara 10 May 2017 at 02:41

Elaan kafi dino se dwlod kar rki ti aaj oadhi or afsosh huwa ki esi lajwab comics ab tak kyu nhi padhi action sins kmal k te Background to Kabul e tarif te hi or unhe jis andazz se apne edit kiya or shaktimaan ke sath kasldoot ko lane ki story se hum to apke fan ho gye hai hukum mahendraa ji story me koi kami nhi chodi apne
Bas jankari chaiye ti
Who's siya and kaal
Kya naagraj ka ye koi or rup h ya koyi new super hero
Replay me please

Reply Delete

Delete

Anonymous 31 March 2017 at 00:27

@ Hukam Mahendra :: Comics padhi.. pehle try ke liye i can say its not bad.... u need to do extensive characters research..blending of images and dialogues bubbles need to be improved.... too long and extended fight scenes... image resolutions are not good thts why u need to do extensive character research..... I know its your first time and u dnt hv experience of Illuminati comics or FMC which are 2 best indian fan made comics i hv read.. so i believe u cn do a lot better in your next issues. Also may be personally i hv had my overdose of shaktimaan & doga in fan-made comics so tht reduced my interest and made me critical as well. try use more characters may be in small roles..... keep up the gud wrk... no contribution in fan-made comics is big or small... best of luck

Reply Delete

Anonymous 30 March 2017 at 21:57

सबसे पहले हुकम महेन्द्रा भाई और बलबिन्दर भाई को बधाई। fmc की एक और नई उपलब्धि के लिए आप दोनों बधाई के पात्र हैं। कहानी मुझे बहुत पसंद आई और एडिटिंग भी काफी मस्त लगी। हालाँकि एडिटिंग थोड़ी और बेहतर हो सकती थी। पर फिर भी कॉमिक्स किसी भी मायने में कम नहीं है। हाँ डाइलॉग थोड़े और बेहतर होने चाहिए। यह मेरा पर्सनल सलाह है। मेरी रेटिंग 4/5। आगामी कॉमिक्स का बेसब्री से इंतजार।

Reply Delete

समस्त मित्रों के इन बेहतर रिव्युज के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। आशा करता हूँ आपको हमारा यह प्रयास बहुत पसंद आ रहा होगा। मित्रों हमारे उत्साहवर्धन के लिए आप अपने अमूल्य रिव्यु हमारी ब्लॉग पर देते रहिये और हमसे जुड़े रहने के लिए आप हमारे फेसबुक पेज को फॉलो करें। धन्यवाद।

आपका मित्र
बलविन्दर सिंह
team FMC

follow us on -: www.facebook.com/teamfanmadecomics
follow us on blog-: http//singhcomicsworld.blogspot.com

team FMC Present
APOCALYPSE
आरम्भ एक कयामत का...
story by HUKAM MAHENDRA


इंसान अपने कर्म से अच्छा बुरा होता है। इंसान जब गलत राह पर चला जाता है तो पाप उसके सर पर चढ़ जाता है, और जब बुराई बढ़ जाए तो उसे मिटाने कोई ना कोई पैदा हो जाता है।
शनि जो अपने अस्तित्व की तलाश में भटक रहा है। बुराई को जड़ से उखाड़ने की कसम खाई है उसने!
भगवान शनि की नजर भी साढ़े सात साल पीछा करने के बाद हट जाती है। मगर इस शनि की नजर एक बार किसी अपराधी पर पर गई तो उसका सर्वनाश निश्चित, मृत्यु सात जन्मों तक उसका पीछा नही छोड़ती!
परिकल्पना – ब्रम्हा पटेल
सलाहकार – विनय शर्मा , कबीर वेला
लेखक – राम चौहान , पवन शर्मा
चित्रांकन – रवि शंकर
रंग सज्जा – आदित्य किशोर , रॉकी सिंह
शब्दांकन – निशान्त पाराशर
सहयोग – मुर्शिद आलम , हुकुम महेन्द्रा , सौरभ मेहता
मास्टर
शनि